ज्ञानदीप

(त्रैमासिक सूचना पत्र)

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे - 411 001

आइ.एस.ओ. : 9001 प्रमाणित भारतीय रेल का
प्रथम प्रशिक्षण संस्थान

संस्थान - डी ओ टी (020) 6122271, 6123436, 6127545, 6125030
रेलवे - 5860, 5870

छात्रावास - डी ओ टी (020) 6130579, 6126816, 6121669, रेलवे 5896, 5897, 5898

फैक्स : 020-6128677
ई-मेल : dr-office@iricen.railnet.gov.in
टेलीग्राम : रेलपथ
वेब साइट : www.iricen.com

वर्ष - 5 | अंक - द्वितीय | अप्रैल - जून 2001

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन TO BEAM AS A BEACON OF KNOWLEDGE

इस अंक में

1) हमारे नये निदेशक
2) रेल सप्ताह समारोह
3) राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री सुधीर जैन की प्रस्तुति
4) इंटरनेट कनेक्शन अब अधिक प्रभावी
5) 'स्पीड ऑन कर्ल्स' - इरिसेन की ओर से एक नया साफ्टवेयर
6) राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 71 वीं बैठक
7) रेल दुर्घटना स्थल का अध्ययन दौरा
8) तिमाही में सम्पन्न / जारी पाठ्यक्रम
9) स्वागत
10) विदाई
11) निकट भविष्य में आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
12) आपके पत्र
13) सृजन

1 हमारे नए निदेशक :-

बी. ई. (सिविल) तक शिक्षा प्राप्त भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 1969 बैच के अधिकारी श्री बुधप्रकाश ने दिसम्बर 1970 में उत्तर रेलवे के पालमपुर (हि. प्र.) में सहायक इंजीनियर के रूप में पदभार ग्रहण किया । उत्तर रेलवे में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने के उपरांत आपने मुख्य इंजीनियर, डीजल कलपुर्जा कारखाना, पटियाला का पदभार संभाला ।



श्री बुधप्रकाश

सभी प्रकार की सिविल इंजीनियरी परिसम्पत्तियों का निर्माण एवं अनुरक्षण, इस्पात संरचनाओं का संविरचन, संविदा प्रबंधन तथा बहु अनुशासनिक प्रबंधन आपकी विशेषज्ञता के क्षेत्र हैं । धार्मिक पुस्तकें पढ़ना आपकी रूचि का विषय है । आपने दि. 04 मई 2001 से संस्थान के निदेशक का पदभार संभाल लिया है । पूर्व में आप संस्थान में वरिष्ठ प्राध्यापक (इंजीनियरी) के पद पर कार्यरत थे ।

संपादकीय . . . . . .

पांचवे वर्ष का द्वितीय अंक आपके कर कमलों में सुशोभित है । गत अंक से ही हम इस सूचना पत्र को भारतीय रेलों के सभी मंडलों पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) तक पहुंचा रहे हैं । समस्त वरिष्ठ मंडल इंजीनियरों (समन्वय) से अनुरोध है कि वे इस सूचना पत्र से अपने समस्त अधीनस्थ इंजीनियरों का परिचय कराएं । इससे जहां सिविल इंजीनियरी विभाग के प्रत्येक इंजीनियर तक भारतीय रेल के इस शीर्ष सिविल इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान की गतिविधियों की सूचना पहुंचेगी, वही हमें भी अपने फील्ड इंजीनियरों से विचार - विनिमय का अवसर प्राप्त होगा । सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में हमारा सूचना पत्र हमारी वेब साइट पर भी उपलब्ध है ।

रेल सेवा में नवागंतुक भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के परिवीक्षार्थियों को प्रशिक्षण देते हुए तथा रेलवे में कार्यरत इंजीनियरों को नवीनतम उन्नतियों तथा विकास से परिचित कराते हुए 'ज्ञानज्योति से मार्गदर्शन' के अपने मूल मंत्र को केन्द्र में रखकर यह केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण संस्थान राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की दिशा में भी कार्यरत है ।

'सृजन' स्तंभ हेतु इंजीनियरी विषयों से संबंधित छोटे-छोटे लेख आमंत्रित है । आपके पत्र हमारा संबल है । कृपया अपनी प्रतिक्रिया से हमें अवश्य अवगत कराएं ।

आगामी अंक में पुनः भेट की अपेक्षा सहित ।

संरक्षक	मुख्य संपादक	संपादक	सहयोग
बुधप्रकाश	सुधीर कुमार जैन	विपिन पवार	राजेश जायसवाल
निदेशक	उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक- प्रशिक्षण	राजभाषा सहायक ग्रेड I	सह प्राध्यापक
इरिसेन, पुणे			एम. बाबू, आर. जे. पाल

उल्लेखनीय है कि मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जोधपुर के पद पर रहते हुए आपने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोधपुर के अध्यक्ष के रूप में राजभाषा के प्रयोग - प्रसार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है । इरिसेन परिवार आपका हार्दिक स्वागत करता है ।

2 रेल सप्ताह समारोह :-

दि. 16 अप्रैल को संस्थान में रेल सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी निदेशक श्री बुध प्रकाश ने की । इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए संस्थान के कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए ।

3 राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री सुधीर जैन की प्रस्तुति :-


दि. 3 से 4 मार्च तक नई दिल्ली में ''कॉमर्शियल कांट्रेक्ट्स एंड कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री आर्बिट्रेशन्स'' पर एक राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न हुआ । सम्मेलन का आयोजन फ़िक्की तथा इंडियन काउंसिल ऑफ आब्रिट्रेशन ने संयुक्त रूप से किया था। सम्मेलन के तृतीय सत्र में इरिसेन के प्राध्यापक (प्रशिक्षण) श्री सुधीर जैन ने ''एवाइडेन्स ऑफ डिले इन रिसोल्यूशन ऑफ डिसप्यूट इन कंस्ट्रक्शन कांट्रेक्टस'' विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया । सम्मेलन में अनेक प्रसिद्ध न्यायमूर्ति गण जैसे श्री एम. एन. वेंकटचलैय्या, श्री डी. पी. वाधवा, श्री पी. रवीन्द्रनाथन, श्री ए. एम. अहमदी, श्री ए. बी. रोहतगी तथा अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता गण भी उपस्थित थे । कुल 157 प्रतिनिधि सम्मेलन में उपस्थित थे ।

4 इंटरनेट कनेक्शन अब अधिक प्रभावी :-

संस्थान ने वी. एस. एन. एल. से अब 64 के बी पी एस लीज्ड इंटरनेट कनेक्शन ले लिया है । यह कनेक्शन रेल नेट से भी जुड़ा हुआ है । इससे इंटरनेट की गति एवं क्षमता में वृद्धि हुई है । इस सुविधा मे प्रशिक्षु अधिकारियों को सूचना प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण विषयों पर बेहतर प्रशिक्षण दिया जा सकता है । उल्लेखनीय है कि यह सुविधा संस्थान से 2.5 कि. मी. की दूरी पर स्थित छात्रावास में भी उपलब्ध कराई गई है ।

5 'स्पीड ऑन कर्व्स' - इरिसेन की ओर से एक नया साफ्टवेयर :-

गाड़ी की गति ट्रैक के कर्वेचर पर निर्भर होती है, साथ ही अन्य बातें जैसे ट्रांजीशन की लम्बाई, कैन्ट वैल्यू, कैन्ट एक्सेस, कैन्ट डिफिशिएन्सी भी इसे प्रभावित करती है । नई लाइनें बिछाते समय कर्व्स पर अनुमेय गति प्रतिबंध का ध्यान रखना पड़ता है । यह नया साफ्टवेयर इन सभी गणनाओं में सहायक होगा । यह एक स्टैन्ड अलोन साफ्टवेयर है, जिसे विजुअल बेसिक में बनाया गया है । इसमें अनेक यूजर फ्रेन्डली फीचर्स है । इस साफ्टवेयर का निर्माण श्री सुधीर जैन, प्राध्यापक के मार्ग निर्देशन में भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के परिवीक्षार्थी सर्वश्री सृजन त्रिपाठी तथा योगेश वर्मा ने किया है ।



IRICEN INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING

How To install :

Step 1. Insert CD in CD Drive
Step 2. Open CD in Windows Explorer
Step 3. Run / Double Click Setup.exe file in CD
Step 4. After complete installation, you can run **Speed on Curves** from **Start** menu

System Requirements :
Windows95 or later versions
Screen display 800 x 600 pixels
Free space in hard disk (min) 20 MB

CONTACT
SUDHEER JAIN sudheerjain@rediffmail.com
SRIJAN TRIPATHI srijan_tripathir@yahoo.com
YOGESH VERMA yogeshir@yahoo.com

6 राजभाषा कार्यान्वयन समिति 71 वीं बैठक :-

दि. 15 जून को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 71 वीं बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें दिनांक 31-03-2001 को समाप्त तिमाही की हिंदी प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक तथा समिति के पदेन अध्यक्ष श्री बुधप्रकाश ने की । उपमुख्य राजभाषा अधिकारी श्री सुधीर कुमार जैन ने रिपोर्ट प्रस्तुत की ।

7 रेल दुर्घटना स्थल का अध्ययन दौरा :-

दि. 22-06-01 को दक्षिण रेलवे के पालघाट मंडल के शोरानूर-मैंगलोर सेक्शन में पुल सं. 924 पर 6602 अप मैंगलोर-चैन्नई वेस्टकोस्ट एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। संस्थान के सह प्राध्यापक श्री रा. कु. जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 29 परिवीक्षार्थियों ने क्षतिग्रस्त पुल का अवलोकन तथा अध्ययन किया। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य तकनीकी सहायक श्री एम. बाबू तथा तकनीकी सहायक (पुल) श्री वी. एन. सोहोनी भी अध्ययन दौरे में सम्मिलित थे । संस्थान के तकनीशियन (वीडियो) श्री प्रदीप तावड़े ने दुर्घटना स्थल को विभिन्न कोणों से अपने कैमरे में कैद किया । दक्षिण रेलवे ने इस दौरे के समय सराहनीय प्रबंध किए ।

8 तिमाही में सम्पन्न/जारी पाठ्यक्रम :-

सत्र क्र.	दिनांक		विषय	पाठ्यक्रम निदेशक	कुल अधिकारी
	से	तक			
123	02-04-01	06-04-01	रेल पथ नवीकरण पर विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक / कंप्यूर्स	14
124	03-04-01	04-05-01	लंबी झलाईकृत रेलों तथा कंक्रीट स्लीपरों के अनुरक्षण पर पाठ्यक्रम	वरिष्ठ प्राध्यापक / रेल पथ	13
113	16-04-01	04-05-01	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (पुल)	वरिष्ठ प्राध्यापक / पुल	17
127	09-05-01	10-05-01	मुख्य इंजीनियर (निर्माण) का सेमिनार	वरिष्ठ प्राध्यापक / रेल पथ	06
114	14-05-01	15-05-01	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रेल पथ)	वरिष्ठ प्राध्यापक / रेल पथ	19
155	17-05-01	18-05-01	लंबी झलाईकृत रेलों' पर द.म.रे., सिकंदराबाद में फील्ड पाठ्यक्रम	वरिष्ठ प्राध्यापक / पुल	78
128	21-05-01	25-05-01	ठेकें एवं विवाचन पर विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक / कार्य	21
129	28-05-01	01-06-01	भवन निर्माण एवं अनुरक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक / कार्य	19
130	06-06-01	07-06-01	मुख्य पुल इंजीनियरों का सेमिनार	वरिष्ठ प्राध्यापक / पुल	08
103	11-06-01	29-06-01	कंप्यूटर पाठ्यक्रम (भा. रे. इं. से. (परि.) के लिए)	प्राध्यापक / प्रशिक्षण	30
132	18-06-01	22-06-01	कंक्रीट प्रौद्योगिकी पर विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक / कंप्यूर्स	21
131	25-06-01	27-06-01	सम्पदा अधिकारियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	प्राध्यापक / रेल पथ 2	15

9 स्वागत :-


श्री ए. के. यादव

आई. आई. टी., कानपुर से एम. टेक. तक शिक्षा प्राप्त 1982 बैच के भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के अधिकारी श्री अशोक कुमार यादव ने पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा स्टेशन पर सहायक इंजीनियर का पदभार ग्रहण किया । मंडल इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, समस्तीपुर, संयुक्त निदेशक अ. अ. मा. सं., लखनऊ, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, मध्य रेलवे, भुसावल, जबलपुर के रूप में कार्य करने के उपरांत आपने वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), मध्य रेलवे, जबलपुर का पदभार ग्रहण किया। दि. 11-4-2001 को आपने संस्थान में प्राध्यापक (पुल) का पदभार ग्रहण किया । इरिसेन परिवार आपका हार्दिक स्वागत करता है ।

10 विदाई :-

1965 बैच के भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के अधिकारी श्री कंवरजीत सिंह, निदेशक (उच्च प्रशासनिक श्रेणी) दि. 10-4-2001 को इरिसेन से स्थानांतरित होकर वर्तमान में रेलवे बोर्ड में अपर सदस्य (योजना) के पद पर कार्यरत है । इरिसेन परिवार आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है ।


श्री कंवरजीत सिंह

11 निकट भविष्य में आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

सत्र क्र.	दिनांक		विषय	अधिकारियों की कोटि
	से	तक		
137	23-07-01	27-07-01	रेल पथ मॉनिटरिंग तथा टी एम एस पर विशेष पाठ्यक्रम	रेल पथ अनुरक्षण में शामिल चयन श्रेणी, अ.प्र.श्रे., व.वे.मा.
105	30-07-01	14-09-01	भा.रे.इं.से.(परि.)1999 बैच,चरण 2, समूह-1, का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	भा.रे.इं.से.(परि.)
138	30-07-01	10-08-01	पूर्व प्रबलित निर्माण पर विशेष पाठ्यक्रम	पी एस सी गर्डरों के अभिकल्प एवं निर्माण में शामिल अधिकारी
156	30-07-01	04-08-01	गुणवत्ता सर्वेक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम	सर्वेक्षण में शामिल सभी अधिकारी
133	01-08-01	02-08-01	प्रशिक्षण प्रबंधकों की बैठक तथा मुख्य सामान्य इंजीनियरों का सेमिनार	मुख्य सामान्य इंजी.
139	13-08-01	24-08-01	रेल पथ मशीनों के अनुरक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम	अ.प्र.श्रे., व.वे.मा., क. वे. मा.
140	27-08-01	31-08-01	झलाई एवं विभंजन पर विशेष विशेष पाठ्यक्रम	अ.प्र.श्रे., व.वे.मा., क. वे. मा.
106	03-09-01	14-09-01	भा.रे.इं.से.(परि.)2000 परीक्षा बैच के लिए परिचयात्मक पाठ्यक्रम	भा. रे. इं. से. (परि.)
115	17-09-01	19-10-01	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रेल पथ)	चयन श्रेणी, अ.प्र.श्रे., व.वे.मा.
135	17-09-01	21-09-01	लंबी झलाईकृत रेलों तथा कंक्रीट स्लीपर अनुरक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम	व.वे.मा., क.वे.मा.
157	17-09-01	22-09-01	सर्वेक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम	इरकॉन के इंजीनियर्स
107	24-09-01	09-11-01	भा.रे.इं.से.(परि.)1999 बैच,चरण 2, समूह 2 का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	भा. रे. इं. से. (परि.)
141	26-09-01	28-09-01	भा. रे. भं. से. (परि.) के लिए परिचयात्मक पाठ्यक्रम	भा. रे. भं. से. (परि.)
142	01-10-01	12-10-01	प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम (पुल एवं वर्क्स मॉड्यूल)	क्षे.प्र.के. के सिविल इंजी. प्रशिक्षक
111	08-10-01	21-12-01	समेकित पाठ्यक्रम	सिविल इंजी.विभाग के समूह 'ख' अधिकारी
143	22-10-01	23-10-01	मुख्य रेल पथ इंजीनियर (मशीन) का सेमिनार	व. प्र. श्रे.
144	29-10-01	02-11-01	कांटे एवं पारकों पर विशेष पाठ्यक्रम	चयन श्रेणी, अ.प्र.श्रे., व.वे.मा.

12 आपके पत्र



अक्तूबर-दिसंबर 2000 का त्रैमासिक सूचना पत्र प्राप्त होने पर अपार प्रसन्नता हुई । यह सूचना पत्र लगातार प्रकाशित हो

रहा है, यह बड़ी प्रसन्नता की बात तो है ही, साथ ही अनुकरणीय भी, क्योंकि लगातार प्रकाशन लगभग प्रायः असंभव सा हो जाता है। इसके अलावा इस समय इस सूचना पत्र में जो जानकारी दी जा रही है, उसके आकार को देखते हुए उपयोगी ही नहीं, संग्रहणीय भी है, क्योंकि इतने कम आकार में जितनी जानकारी दी जा रही है, वह गागर में सागर के समान है।

आशा है, इस सूचना पत्र के माध्यम से हमेशा हमारा मार्गदर्शन होता रहेगा। उत्कृष्ट सामग्री संचयन, प्रकाशन व मुद्रण के लिए सभी को बधाई देने में स्वयं गौरवान्विव अनुभव कर रहा हूं।

कृपया प्रति नियमित भिजवाकर अनुग्रहीत करते रहें।

- सत्येन्द्र सिंह
राजभाषा अधिकारी
मध्य रेलवे, झाँसी

इरिसेन का त्रैमासिक सूचना पत्र 'ज्ञानदीप' महत्वपूर्ण सूचनाएँ तो संप्रेषित करता ही है, साथ ही 'सृजन' कॉलम के अंतर्गत प्रकाशित रचनाएँ सृजनात्मकता को प्रेरित एवं प्रोत्साहित भी करती रहती हैं। कला और विज्ञान (तकनीकी) के सुंदर समन्वय हेतु साधुवाद।

- हमीर सिंह बधेल
सेवा निवृत्त उप प्राचार्य,
केन्द्रीय विद्यालय, एन. डी. ए., पुणे

आपके संस्थान द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक सूचना पत्र के अक्तूबर-दिसंबर का अंक प्राप्त हुआ। इसकी निरंतर बढ़ती लोकप्रियता का राज इसके नियमित प्रकाशन में छिपा है। संस्थान की संपूर्ण तकनीकी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ राजभाषा प्रगति संबंधी जानकारी से न केवल इंजीनियरी विभाग वरन संपूर्ण भारतीय रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी लाभान्वित हो रहे है। ''सृजन'' में कविताओं का आकार बड़ा होते हुए भी रुचिकर एवं पठनीय है। पृष्ठों की संख्या में वृद्धि अपेक्षित है। संपूर्ण संपादक मंडल को हार्दिक बधाई।

- पी. एस. बगड़वाल,
राजभाषा अधिकारी,
मध्य रेलवे, भोपाल

अपनों के बीच

राजभाषा हिंदी के स्वर्ण जयंती वर्ष के समापन पर रेल कवियों की प्रतिनिधि कविताओं का संकलन ''अपनों के बीच'' रेलों पर हिंदी की अनवरत साहित्यिक यात्रा का एक जीवंत मील - स्तंभ है। सम्पादक श्री मुकेश गौतम, वरिष्ठ टिकट संग्राहक, दादर, मुम्बई द्वारा मध्य रेलवे के 15 चुनिंदा कवियों की प्रतिनिधि रचनाओं का यह ''पैकेज'' पूरी भारतीय रेल पर पहला और एक अभिनव प्रयास है, जो रेलों के प्लेटफार्मों को सीधा कवि सम्मेलनों के मंच से ला जोड़ता है। संकलन में प्रसिद्ध कवि राजेन्द्र मालवीय, दिनेश प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, रामस्वरूप साहू, घनश्याम अमृत, हीरालाल पारस, जगदीश प्रसाद कुलदीप, एम. के. गोयल, मनोज कुमार, मोहम्मद रफीक, शंकर कुमार साहा, हरिप्रसाद धर्मक, 'विशाल', प्रवीण वाजपेयी और रवि किरण चौबे जैसे कुछ चर्चित और कुछ उदीयमान हस्ताक्षर अपनी प्रतिनिधि कविताओं के साथ चस्पां हैं। संकलन के प्रारंभ में रेल साहित्यकार और हिंदी के पाणिनी आचार्य महावीर प्रसाद व्दिवेदी तथा हिंदी फिल्मी गीतों के चितेरे, गीतकार श्री शैलेन्द्र को समर्पित लेख, रेलों पर हिंदी की उच्च साहित्यिक परम्परा को रेखांकित करते शिलालेख हैं। संकलन पठनीय और संग्रहणीय है।

- विश्वामित्र
राजभाषा अधिकारी,
मध्य रेल मुख्यालय,
मुम्बई

● पुस्तक - अपनों के बीच ● सम्पादक - श्री. मुकेश गौतम ● प्रकाशक - इंदु प्रकाशन, 18, अंबिका निवास, मॉडेल स्कूल के पास, पांडुरंगवाड़ी, डोंबिवली (पूर्व), मुम्बई - 421 201, ● प्रकाशन वर्ष - 2001 ● संस्करण - प्रथम ● मूल्य - रु. 125/- ● पुस्तक प्राप्ति का पता - श्री. मुकेश गौतम, बी - 1/208, 'हिमगिरि' आत्माराम नगर, लोकग्राम, कल्याण (पूर्व), मुम्बई - 421 306

'सृजन' स्तंभ में प्रकाशित रचनाओं पर रेलवे बोर्ड के दि. 18-02-2000 के पत्र संख्या-हिंदी-99/रे.रा.भा./3 के अनुसार निम्नलिखित दर से मानदेय दिया जाएगा :-

(क) लेख/कहानी - 350/- रु.
(ख) कविता/पुस्तक समीक्षा - 125/- रु.
(ग) कार्टून/चित्र - 75/- रु.

रचनाओं के साथ यह प्रमाण पत्र आवश्यक है कि ये आपकी सर्वथा मौलिक, अप्रकाशित एवं अप्रसारित रचना है।

- सम्पादक

सुधीर कुमार जैन, उपमुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, प्रशिक्षण, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे-1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क आंतरिक वितरण हेतु प्रकाशित एवं **मेसर्स एम. आर. एंड कंपनी,** सदाशिव पेठ, पुणे 411030 फोन 4330449 द्वारा मुद्रित